पाटन (ललितपुर)

यह प्राचीन नगर काठमाण्डू से करीब ५ कि. मी. दूरी पर बागमती के किनारे पर बसा है । यह नगर राजा वीर देव द्वारा बसाया गया था तथा यहाँ अशोक कालीन स्तूप और मध्यकाल के अनेक हिन्दू एवं बौद्ध मन्दिर और अन्य दर्शनीय स्थल हैं । इस नगर की कांस्य कला विशेष उल्लेखनीय है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दरबार चोकः— नगर के मध्य में स्थित दरबार चोक एक अत्यन्त आकर्षक स्थल है। इस चोक में विद्यमान आंगन, दरबार क्षेत्र, शाही स्नानागार तथा देवी देवताओं के मंदिरों में मध्यकाल की अनुपम कला देखेनें को मिलती है। इस चोक के अन्दर एक धातुकला संग्रहालय भी है जहाँ देश की कांस्य एवं पीतल की अनुपम मूर्तियां तथा अन्य सामग्री प्रदर्शित की गई है।

कृष्ण मन्दिरः— सत्रहवीं शताब्दी में राजा सिद्धि नरसिंह मल्ल ने इस मन्दिर का निर्माण करवाया था। यह केवल पत्थरों से बना है। रामायण और महाभारत के युद्ध दृश्य मंदिर के बल्तरी पर उत्कीर्ण हैं।

हिरण्य वर्ण महाविहारः— क्वाबहाल के प्रांगण में स्थित यह तीन मंजिला महाविहार तेरहवी शताब्दी में राजा भाष्कर वर्मा द्वारा बनाया गया था। इस महाविहार के सुनहले पैगोडा के अन्दर पीठिका के ऊपर भगवान बुद्ध की एक सुनहली प्रतिमा की नित्य पूजा की जाती है। महाविहार के प्रांगण मे ॐ मणि पद्मे हुम् मन्त्र से सज्जित एक माने (प्रार्थनाचक्र) भी है जिसे घुमाकर व्यक्ति पुण्याजर्न करता है। इस विहार की दीवारें बहुत ही कलात्मक ढंगसे सजायी गई हैं। इस विहार के प्रार्थना कक्ष में आधुनिक चित्रों और मूर्तियों के संग्रहालय भी हैं।

कुम्भेश्वर मंदिरः— शिव के इस मंदिर का निर्माण राजा जयस्थिति मल्ल ने १३९२ ई मे कराया था इस मंदिर का स्वर्ण कलश दर्शनीय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मछिन्द्रनाथ मंदिर:– १६७३ ई. में निर्मित मछेन्द्र नाथ (रक्त वर्ण के) का प्यागोडा एक आंगन नें स्थित है । वैशाख महीने में देवता की रथयात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाती है ।

जगत नारायण मंदिर:– वागमती नदी के किनारे लाल ईटों का, जगतजंग द्वारा निर्मित यह मंदिर आकार में बहुत बडा तथा देखने में अत्यन्त रमणीय है । यहाँ पर बहुत सी प्रस्तर प्रतिमाएं हैं । इस मंदिर के अन्दर पत्थर की पीठका पर स्थापित गरूड की धातु की मूर्ति बहुत ही कलात्मक है ।

मीननाथ मंदिर:– पैगोडा शैली में निर्मित, मीननाथ का यह मंदिर मच्छिन्द्रनाथ के मन्दिर से भी पुराना है । मच्छिद्रनाथ के साथ साथ मीननाथ की भी रथयात्रा मनायी जाती है ।

अशोक स्तूप:– ईशा से तीसरी शताब्दी पूर्व निर्मित मौर्य कालीन चार स्तूप आज भी देखे जा सकते हैं । इनका निर्माण नगर के चारों कोनों में हुआ था ।

चिडिया खाना:– यहाँ नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले अनेक तरह के जानवर, चिडिया, गैंडा, मृग आदि रखे गए हैं ।

गोदावरी वनस्पति उद्यान:– यह वाटिका पाटन नगर से १० कि. मी. दूरी पर स्थित है । उपत्यका के निवासी पिकनिक के लिए इस स्थान पर जाना पसन्द करते हैं । यहाँ पर शाही वनस्पति उद्यान, मत्स्य पालन केन्द्र और संगमरमर की खान भी है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वज्रवाराही मन्दिरः– यह मन्दिर एक सुन्दर जंगल के बीच में अवस्थित है । पाटन से १० कि. मी. दक्षिण चापागाउँ में स्थित इस मन्दिर का दर्शन भक्तजन बड़ी श्रद्धा से करते हैं। लोग यहाँ से टीका भैरव और लेले सरस्वती के दर्शनार्थ जाते हैं।

फूलचोकीः– फूलचोकी 9050 फीट से भी उँचे इस पहाड की पदयात्रा आनन्द वर्धक है । यहाँ से सफेद, लाल रंग के बुरुश के फूल इस स्थान की शोभा और भी बढाते हैं । जीप के द्वारा भी इस पहाड के शिखर तक पहुंचा जा सकता है । शिखर पर बौद्ध धर्मावलंबियों एक मंदिर भी है ।

भक्तपुर

राजा आनन्द देव के द्वारा बसाया गया शंख के आकारका भक्तपुर शहर मध्यकालीन कला और संस्कृति के लिए उल्लेखनीय है । भक्तपुर का शाब्दिक अर्थ है, भक्तों की नगरी । इस नगर समीप में बसे हुए ठिमी के गांव में कुह्मार मिट्टी के बहुत सुन्दर बर्तन बनाते हैं । काठमाण्डू से १३ कि. मी. दूरी पर स्थित इस नगर में स्थानीय नेवारों द्वारा कपडे की बुनाई की जाती है । भक्तपुर यात्रा की यादगार के रूप में पर्यटक यहाँ बनी हुई काली टोपी ले जाते हैं ।

सिद्ध पोखरीः– इस पोखरी का निर्माण यक्षमल्ल के शासन काल में हुआ था । इस का आकार चौकोर है तथा यह पोखरी भक्तपुर नगरी के प्रवेश द्वार पर ही विद्यमान है । साफ मौसम में यहाँ से हिमालय पर्वत श्रेणियों का दृश्य देखा जा सकता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



भक्तपुर शहरका एक दृश्य (दायें दत्तात्रयको मन्दिर)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दरबार चोक:– शहर के मध्य में स्थित इस चोक के अन्दर असंख्य मन्दिरों एवं पुरातात्विक दर्शनीय स्थल, जैसे सिंह द्वार, चित्र कला संग्राहालय, सुनहला द्वार, राजा भूपीन्द्र मल्ल की प्रतिमा, ५५ खिडकी वाला राजदरबार, बड़ा घण्टा, वत्सला देवी का मन्दिर तथा पशुपतिनाथ के मन्दिर आदि दर्शनीय हैं ।

सिंहद्वार:– यह द्वार के नाम से विशेष रूप से प्रसिद्ध है । द्वार के चारों ओर निर्मित हनुमान, भैरव, नरसिंह आदि की मूर्तियाँ भव्य हैं । इस मंदिर और सिंह द्वार का निर्माण राजा भूपतीन्द्र मल्ल के समय में हुआ था ।

चित्रकला संग्रहालय:– इस संग्रहालय में हिन्दू और बौद्ध तान्त्रिक परंपराओं के अनक प्राचीन चित्र प्रदर्शित किए गए हैं । संग्रहालय मंगलवार को बन्द रहता है ।

सुवर्ण द्वार:– ५५ (पचपन) खिड़कियों वाले राजदरबार के प्रांगण में प्रवेश करने का यह प्रमुख द्वार है । इस का निर्माण रणजीत मल्ल ने अपने शासन काल में कराया था । यह प्रवेश द्वार अपनी कलात्मकता के लिए सम्पूर्ण विश्व में प्रसिद्ध है । कला समीक्षक पर्सी ब्राउन ने इस स्वर्ण द्वार को नेपाल अधिराज्य की सब से महत्वपूर्ण कलाकृति बतलाया है ।

राजा भूपतीन्द्र मल्ल की प्रतिमा:– राज प्रासाद के सामने स्तंभ के उपर प्रार्थना मुद्रा में स्थापित है।

पचपन खिडकियों वाला दरबार:–१४२७ ई में राजा यक्ष मल्ल ने इस राजदरबार का निर्माण कराया था तथा सत्रहवीं शताब्दी में राजा भूपतीन्द्र मल्ल के द्वारा इस राजदरबार का पुनः निर्माण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किया गया । ईंट की दीवारों के मध्य में इन खिड़कियों का निर्माण हुआ है तथा इन पर की गई नक्काशी अत्यन्त मनोरम है ।

बडा घण्टा:– प्राचीन समय में इस का प्रयोग विपत्ति के संकेत के लिए किया जाता था । यह विशाल घण्टा सन् १७३७ में राजा रणजीत मल्ल के द्वारा स्थापित किया गया और प्रत्येक दिन प्रातः काल में देवी तलेजु भवानी की पूजा के समय इसे बजाया जाता था ।

वत्सला मंदिर:– वत्सला देवी के इस मंदिर का निर्माण पत्थर के टुकडों से किया गया है तथा मंदिर के उपर की गई नक्काशी बहुत ही सुन्दर है । मन्दिर के छत के पर स्थापित घण्टे का प्रयोग राजा भूपतीन्द्र मल्ल के द्वारा प्रेतात्माओं को दूर भगाने के लिए किया गया था, ऐसी स्थानीय लोकोक्ति है ।

पशुपतिनाथ मंदिर:– यह मंदिर काठ के टुंडालों पर उत्कीर्ण रतिमुद्राओं के लिए विशेष उल्लेखनीय है । इसका निर्माण सन १६८२ में राजा जय मल्ल द्वारा हुआ था । वास्तु कला के दृष्टिकोण से यह मंदिर काठमाण्डू के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर की प्रतिकृति है ।

भैरवनाथ मंदिर:– इस मंदिरका निर्माण सर्वप्रथम एक मंजिला पैगोडा के रूप में राजा जगजज्योति मल्ल के समय में हुवा था । तदुपरान्त सन १७१८ में राजा भूपतीन्द्र मल्ल ने इसे तीन मंजीला वना दिया । भक्तपुर जानेवाले पर्यटक इस अति सुन्दर मन्दिर का दर्शन करना नहीं भूलते ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्यातपोल मंदिर:– न्यातपोल नेवारी भाषा का शब्द है और इस का अर्थ होता है पाँच मंजिलों वाला । पैगोडा शैली का यह मंदिर १७०८ में राजा भूपतीन्द्र मल्ल के द्वारा बनाया गया था । पाँच खण्डो वाले चबूतरे पर स्थापित इस मन्दिर की सीढियों के पर स्थित है तथा इस मंदिर दाहिने और बाये एक एक जोडी मूर्तियां है । वे हैं, नीचे से क्रमशः दो प्रसिद्ध पहलवान, दो हाथी, दो सिह, दो शार्दूल तथा दो देव प्रतिमाएं । यह पहलवान साधारण आदमी से दश गुणा बली थे तथा इस से उपर के हाथी, सिह, शार्दूल तथा देव मूर्तियां क्रमशः एक से दश शालीमानी गई है । पैगोडा शैली में निर्मित इस मन्दिर की कला भी अत्यन्त भव्य और प्रभावशाली है

दत्तात्रेय मन्दिर:– सन् १४२७ ई. में राजा यक्ष मल्ल ने इस मंदिरका निर्माण एक ही वृक्ष के तने से करवाया था । सन् १४५८ ईश्वी में राजा विश्व मल्ल ने इस का जीर्णोद्धार किया । इस मंदिर के सान्निध्य में विद्यमान मठ मयूर के अंकित गवाक्षों के लिए संसार प्रसिद्ध है । इस अत्यन्त कलात्मक मयूर गवाक्ष का निर्माण सन् १४५८ में राजा विश्व मल्ल के शासन काल में हुआ था । इस मठ के अग्रभाग तथा प्रांगण में अत्यन्त रमणीय जालीदार गवाक्ष है ।

सूर्य विनायक:– उदीयमान सूर्य के किरणे रमणीय वन के किनारे पर स्थित इस मन्दिर को अपना पहला स्पर्श देती है । शंखाकार भक्तपुर नगर का मनोरम दृश्य देखा जा सकता है । स्थानीय लोग इस रमणीय स्थान पर पिकनिक मनाते रहते है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दत्तात्रयकी मन्दिर, भक्तपुर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चांगु नारायणः– ऐसा कहा जाता हैं की इस मंदिरका निर्माण राजा हरि दत्त वर्मा ने करवाया था । मंदिर के आंगन सें छिन्नमस्ता महादेवी का एक छोटा सा मंदिर है । इस मंदिर के आंगन में विद्यमान विश्वरूप गरूड तथा वैष्णव संप्रदाय की अन्य मूर्तियां अत्यन्त प्राचीन कलात्मक हैं । पैगोडा शैली के इस मंदिर के सामने नेपाल अधिराज्य के प्रथम ऐतिहासिक राजा मानदेव प्रथम का ५ वीं शताब्दी का एक शिला-लेख भी हैं । यह मंदिर काफी उँचाई में है और इस स्थान से उपत्यका के चारो ओरका मनोरम प्राकृतिक दृश्य देखी जा सकती हैं ।

अन्य दर्शनीय स्थल

ककनीः– यह स्थान समुद्र की सतह से मीटर की उँचाई काठमाडौं से उत्तर दक्षिण किलो मीटर की दूरी स्थित हैं । उत्तर पश्चिम की अनुपम हिमालय–पर्वत श्रृंखलाओं का दृश्य यहाँ से बहुत साफ दिखाई देता है ।

नगरकोटः– यह स्थान काठमाडौं के पूर्व में ३२ किलो मीटर की दूरी पडता हैं । समुद्र की सतह से मीटर की उँचाई पर स्थित इस स्थान पर लोग अपने छुट्टी मनाने आते हैं । दार्जीलिङ के टाइगर हिल की ही तरह यहाँ से सूर्योदय और सूर्यास्त का अति मनोहारी दृश्य दिखाई देता है । ये दृश्य देखने और पूरब मे सगरमाथा से लेकर पश्चिम की धौलागिरि हिम श्रृंखला का अवलोकन करने जाने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों की तांत सी यहाँ लगी रहती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



मुक्तिनाथ का मन्दिर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धूलीखेलः— यह सुन्दर और प्राचीन शहर अरनिको राजमार्ग (काठमाडौं–कोदारी) पर काठमाडौं के पूर्व में ३५ किलो मीटरकी दूरी पर स्थित है। यहाँ से पूर्व से पश्चिम में फैली हिमालय पर्वत श्रृंखलाओं का दृश्य देखा जा सकता है।

दामनः— धौलागिरि से लेकर सुदूर पूर्व सगरमाथा तक की हिम श्रृंखलाओं को देखने के लिए दामन से बढकर कोई स्थान नहीं है। दामन त्रिभुवन राजपथ पर काठमाडौं से ८० किलो-मीटर की दूरी पर स्थित है। यहाँ हिमालय दृश्यावलोकन के लिए एक मीनार बनायी गयी है तथा इसके अन्दर दूरबीन भी राखी गयी है। इस दूरबीन के द्वारा हिम श्रृंखला के साथ साथ काठमाडौं उपत्यकाका दृश्य भी देखा जा सकता है।

राप्ती दून (चितवन):— घने जंगलो के भरी यह उपत्यका एक सींगवाला गैंडा भयानक बाघ और तेंदुओं आदि के लिए प्रसिद्ध है। यह जंगल जानवरों के अभयारण्य हैं और चितवन शाही राष्ट्रिय निकुञ्ज के द्वारा प्रशासित है। यहाँ केवल कैमरे से शिकार किया जा सकता है। वन्य जन्तुओं और विभिन्न जाति के घडियालों को नजदीक से देखने के लिए इस मे बढकर दूसरी जगह नहीं हैं। टाइगर टप्स, गैंडा वाइल्ड लाइफ, एलिफयाण्ट क्याम्प आदि संस्थाएँ इस अभयारण्य से दृश्यावलोकन और आवास का प्रवन्ध करती हैं। सडक और हवाई जहाज द्वारा यह क्षेत्र देश के दूसरे भागों से जुडा है।

लुम्बिनी काननः— लुम्बिनी भगवान बुद्ध का जन्म-स्थल है और नेपाल की पश्चिम तराई मे स्थित है। ईशा पूर्व तीसरी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शताब्दी में सम्राट अशोकद्वारा स्थापित मायादेवी का मन्दिर प्राचीन विहार के भग्नावशेष तथा भगवान बुद्ध के जन्म से सम्बन्धित मूर्तियाँ आदि इस स्थान की विशेष निधियाँ हैं। लुम्बिनी विकास योजना के अन्तर्गत इस स्थान विकास के लिए बहुमुखी प्रयास हो रहे हैं जिन में पुरातात्विक उत्खनन कार्य भी सम्मिलित है। उत्खनन–कार्य के परिणाम में उत्साहवर्धक है। काठमाण्डू से वायु मार्ग के द्वारा भैरहवा पहुंचा जा सकता हैं और वहाँ से अपनी गाडी या सवारी के अन्य साधनों से यहाँ पहुंचा जा सकता हैं।

जनकपुर:– यह एक ऐतिहासिक स्थल है जगज्जननी सीता का जन्मस्थल जनकपुर, यहाँ के बने हुए संगमरमर के कलात्मक नौलखा मन्दिर के नाते विशेष रूपसे प्रसिद्ध है। इस नगर मे रामनवमी और विवाह पंचमी के शुभ अवसर पर और प्रत्येक पूर्णिमा, अमावस्या तथा संक्रान्तियों पर धार्मिक उत्सवों, तीर्थ-यात्राओं, व्यापार–मेला और अन्य उत्सव होते रहते है। जनकपुर काठमाण्डू से हवाई और स्थल मार्ग से जुड़ा हुआ है।

हेलम्बू:– हेलम्बू शेर्पा जाति की एक रमणीय स्थल है तथा यह स्थान काठमाण्डू से उत्तर पूर्व मे ४५ किलो-मीटर की दूरी पर स्थित है। यहाँ के प्राकृतिक दृश्य बहुत सुन्दर हैं। इस गांव के आस पास में बहुत से बौद्ध विहार हैं।

नाम्चे बाजार:– नाम्चे बाजार सर्वोच्च शिखर सगरमाथा का प्रवेश द्वार है। नाम्चे बाजार काठमाण्डू से .... किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं तथा पन्द्रह दिनों की पैदल यात्रा के द्वारा पहुंचा जा सकता हैं। नाम्चे बाजार पर्वतारोहण के कठिन कार्य में विश्व प्रसिद्ध बनी शेर्पा जाति की मुख्य बस्ती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एक सुन्दर शिव-लीङ्ग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विराटनगरः— महाभारत में उल्लिखित मत्स्य देश की राजा विराट की राजधानी यहीं थी या कहीं और थी यह तो नहीं कह सकते पर लोग इसे ही ऐतिहासिक विराटनगर मानते हैं। यह नगर नेपाल के कोशी अंचल में पडता है तथा यहाँ बडे–बडे कारखाने हैं जहाँ भीम ने कीचक को मारा था वह कीचक बध भी नजदीक ही है। महर्षि विश्वामित्र का नाम कौशिक से जुडी पवित्र कौशिकीया कोशी की त्रिवेणी और वराह क्षेत्र जहाँ कार्तिक पूर्णिमा के दिन बहुत बडा मेला लगता है, विराटनगर से धरान नगर होते हुए, बस या जीप द्वारा पहुंचा जा सकता है। धरान के नजदीक ही सिद्धपीठ दन्तकाली का मन्दिर है जहां सती के दाँत गिरे थे। राई जाति के कुल देवता बूढा सुब्बा का मन्दिर भी नजदीक है। इस मंदिर के आसपास के बाँसों में फुनगी नहीं होती। केवल राई जाति के लोग नहीं सभी जातियाँ बूढा सुब्बा देवता को मानती हैं। इस मन्दिर के पूजारी मगर जाति के हैं और बलि किये हुए बकरे, मुर्गे, वत्तख आदि का जाँच कर भक्त का भविष्य फल बताते हैं। पिण्डेश्वर महादेव का ऐतिहासिक मन्दिर भी धरान के ज्यादा दूर नहीं है। धरान और विराटनगर दोनों नगरों में हर आए वर्ग के रहने लायक होटल और धर्मशालाएं हैं। पर्यटक–स्तरका एक स्तरीय होटल भी है।

गोरखाः— गोरखा जिल्ले का सदर मुकाम है। यह स्थान एक पहाडी की तलहटी बसा है। दरबार के प्रांगण में गुरु गोरख नाथ की गुफा तथा भगवती काली का भव्य मन्दिर विद्यमान है। आधुनिक नेपाल के निर्माता बडा महाराजाधिराज श्री पृथ्वीनारायण शाह की जन्मस्थली होने का गौरव गोरखा को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राप्त है । इस दरबार की काष्ठ कला बहुत सुन्दर है। काठमाण्डू से गोरखा तक बस से पहुंचा जा सकता है।

मनकामना:– अपने भक्तों के मन की मुराद पूरी करने के कारण इन भगवती का नाम मनकामना रहा है । मन की आस ले कर या इस के पूरे होने पर लोग इन के दर्शनों को जाते हैं । काठमाण्डू से बस द्वारा मुगलिंग टार या मजुवा खैरेनी पहुँच कर चार घण्टे की चढ़ाई के बाद यहाँ पहुँच सकते हैं ।

पोखरा उपत्यका:– पोखरा उपत्यका नेपाल के रमणीय स्थलों में एक है । प्रसिद्ध फेवा, बेगनास, रूपा आदि झीलों ने चार चाँद जड़े हैं । पोखरा काठमाण्डू से २०० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है तथा वायु और स्थल मार्ग से जुड़ा है । पोखरा झीलों का शहर माना जाता है । पोखरा तराई क्षेत्र से (सिद्धार्थ राजमार्ग) द्वारा जुड़ा है । झीलों के अलावा भगवती–विन्ध्यवासिनी का मन्दिर महेन्द्र गुफा, सेती नदी के गहरे दर्रे डेविन फाल, यहाँ के अन्य दर्शनीय स्थल हैं । हिमालय पर्वत श्रृंखला का सुन्दरतम शिखर माछा पुच्छे जब उगते सूर्य की सुनहली किरणों से चमक उठता है या फेवा झील के निर्मल जल में झलकता है – तब पोखरा की सुन्दरता बस मत पूछिये ?

वर्ष भर के प्रमुख त्यौहारों और उत्सवों की सारिणी– पर्यटकों के मध्य नेपाल भोज औ पर्वत्यौहार के देश के रूप में जाना जाता है । वर्ष में जितने दिन होते हैं उनसे की अधिक पर्वोत्सव नेपाली जन मनाते है । नेपाल में सम्राट विक्रमादित्य द्वारा चलाये गये विक्रम संवतका प्रचलन होता है । यहाँ हम कुछ प्रमुख पर्वोत्सवका नाम ही दे पायेंगे :–

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नव वर्ष:– नव वर्ष अप्रैल के दूसरे सप्ताह में पड़ता है । इस दिन देश भर में छुट्टी होती है । लोग इसे बडे शानदार ढंग से मनाते हैं । भक्तपुर में इस दिन बड़ी धूमधाम से बिस्केट जात्रा (झंडा यात्रा) निकाली जाती है ।

वैशाख पूर्णिमा:– नेपाल भगवान बुद्ध का जन्मस्थल है । भगवान बुद्ध 'एशिया का प्रकाश' हैं । गौतम बुद्ध की जन्म–जयन्ती प्रत्येक वर्ष वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर अनेक आकर्षक कार्यक्रमों के साथ मनायी जाती है । लोग वडी श्रद्धा से इस उत्सव को मनाते है । स्वयंभू और लुम्बिनी में भगवान् गौतम बुद्ध की विशेष पूजा की जाती है ।

लाल मच्छेन्द्रनाथ को रथ यात्रा:- पाटन में मनाये जानेवाले उत्सवों में यह एक शानदार उत्सव है । ज्योतिषियों के परामर्श अनुसार मनाया जानेवाला यह पर्व प्रायः अप्रैल से शुरू होता है और जून तक भी चल सकता है । इसी प्रकार, श्वेत मच्छेन्द्रनाथ का रथ–उत्सव काठमाण्डू नगर में मार्च-अप्रैल में मनाया जाता है और चार दिनों तक इसे लोग मनाते हैं। यहाँ यह स्मरण करना अप्रासंगिक न होगा कि गुरु गोरखनाथ नेपाल के संरक्षक महासंत हैं और उन के गुरु मछेन्द्रनाथ को कामाक्षा से नेपाल लाने के अवसर के स्मरण स्वरूप यह रथ यात्रा होती है ।

नेपाल– नरेश श्री ५ वीरेन्द्र का जन्मदिन:– महाराजाधिराज श्री ५ वीरेन्द्र वीर विक्रम शाह देव के जन्मदिन का समारोह सम्पूर्ण अधिराज्य में यह समारोह बडे उत्साह के साथ मनाया जाता है । यह २८ दिसम्बर को पड़ता है । इस दिन काठमाण्डू टुंडिखेल में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विशाल परेड होती है जिसमें श्री ५ वीरेन्द्र स्वयं पधारते हैं और अपने प्यारे नागरिकों की वधाई स्वीकारते हैं।

गाईजात्रा:– भाद्र कृष्ण प्रतिपदा के दिन पडता है । नाच गान और हंसी मजाक, व्यंग–परिहांस इस उत्सव की प्रमुख विशेषताएं हैं । इस पर्व की उत्पत्ति गत वर्ष दिवंगत अपन प्रिय जनों की स्मृति करने के रूप में हुई थी । राजा प्रताप मल्ल ने पुत्र शोकाकुल अपनी कनिष्ठ महिषी के समझाने के लिये कि तुम्हारा पुत्र ही नहीं राज्य भर मे यह लोगों के प्रिय जन दिवंगत हुए हैं इस दिन अपने अपने घर से गाय लेकर राज प्रासाद में आने का आदेश दिया था । गाय लेकर अब भी लोग शहर घूमते हैं और शोकाकुल प्रत्येक घर का कुमार लडका जोगी के भेष में शहर घूमते हैं और लोग उसे भिक्षा देते हैं पर अब यह पर्व हास–परिहास और व्यंग–मजाक के उत्सव का रूप ले चुका है । भक्तपुर की गाइजात्रा काठमाण्डू की गाई जात्रा से ज्यादा मनोरजंक है । पाटन की दीपक जात्रा (मतेया) इस के अगले दिन होती है ।

इन्द्रजात्रा:– वर्षा के देवता इन्द्र का उत्सव काठमाण्डू नगर में बहुत जोश और जलसे के साथ मनाया जाता है । यह अगष्त–सितम्बर मे मनाया जाता है और आठ दिनों तक चलता है । कुमारी (जीवित देवी) का रथ काठमाण्डू की गलियों मे इन आठ दिनों के अन्दर तीन बार निकलता है । कुमारी को सुसज्जित रथ पर बिठाकर भक्तजन इस रथ को खीचते हैं। यह सम्पूर्ण समारोह काठमाण्डू के आवासीय क्षेत्र और पारंपरिक बाजार तक सीमित रहता है विशेषतः दरबार चोक और हनुमान ढोका मे विभिन्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गाई जात्रा पर्व की झाँकी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देवी देवताओं और राक्षसों के मुखौटे पहने हुए नृत्यकारों के नृत्य और ढोलकों की आवाज से प्रत्येक गली गूंजती है ।

दशहरा या दुर्गापूजा :–सारे नेपालियों का सब से प्रमुख पर्व दूर्गापूजा का पर्व है । यह आश्विन शुक्ल पक्ष में पडता है ।

तिहार:– तिहार के अवसर पर ५ दिनों तक क्रमशः कौवे, कुत्ते, लक्ष्मी, गोवर्धन तथा भाइ की पूजा की जाती हैं तथा नेपाल में इसे यम पंचक भी कहते हैं। लक्ष्मी पूजा के दिन लोग अपने घरों को विशेष रूपसे सजा कर दिवाली मनाते हैं । कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा अर्थात् गोवर्धन पूजा के दिन से काठमाण्डू उपत्यका के नेवारों का नव वर्ष प्रारंभ होता है और वे इस दिन म्ह पूजा (शरीर पूजा) भी करते हैं ।

मकर संक्रान्ति:– मकर राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ साथ महीने में शुरू होने वाला यह त्यौहार पूरे अधिराज्य में बडे धूमधाम से मनाया जाता है तथा तीर्थ स्थलों पर मेले भी लगते हैं ।

शिवरात्रि:–शिवरात्रि फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी के दिन मनायी जाती है । पशुपतिनाथ के मंदिर में एक बडा धार्मिक उत्सव होता है और नेपाल तथा भारत से हजारों तीर्थयात्री इस अवसर पर भगवान् पशुपति के दर्शनार्थ पधारते हैं ।

दुम्जी:–जुलाई के महीने में, शेर्पा जाति यह पर्व बडी धूमधाम से मनाती हैं । इस पर्व के अवसर पर सभी शेर्पा गांवों और खुम्बु और हेलम्बु क्षेत्रों के लोग अपने पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन करते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लोशर:– शेर्पा और हिमालय प्रदेश की अन्य बुद्ध धर्मावलम्बी जातियाँ इस पर्व को मार्च के महीने में नव वर्ष के रूप में अपने लोक नृत्यों और लोकगीतों की आयोजना के साथ बडी धूमधाम से मनाते हैं ।

घोडे जात्रा:– यह त्यौहार घोडों के त्यौहार के रूप में मनाया जाता हें । काठमाण्डू नगर का यह एक सांस्कृतिक त्यौहार है । इस अवसर पर टुँडीखेल में घोडों की दौड के साथ–साथ अन्य खेलकूदों का भी आयोजन किया जाता है । नगर के अन्य भागों में अनेक देवी–देवताओं के बिना पहियों के रथों को कन्धो पर उठाकर जातीय वाजों को बजाते हुए जुलूस निकाले जाते है ।

त्रिभुवन जयन्ती:–१८ फरवरी के दिन सम्पूर्ण अधिराज्य में स्व. श्री ५ महाराजाधिराज त्रिभुवन की जन्म–जयन्ती राष्ट्रिय प्रजातन्त्र के रूप में मनायी जाती है ।

महेन्द्र जयन्ती और संविधान दिवस:– १५ दिसम्बर के दिन बडी धूमधाम से मनाया जाता है। सन् १९६० में इसी दिन स्व. श्री ५ महाराजाधिराज महेन्द्र ने संसदीय प्रणाली के स्थान पर दलविहीन पंचायती प्रजातन्त्र का सूत्रपात किया था । यह दिवस, विशाल जुलूस और दीपावली की आयोजना के साथ मनाया जाता है

कृष्णाष्टमी:– भाद्र कृष्णाष्टमी के दिन यह पर्व देश भर में बडी धूमधाम से मनाया जाता है । इस दिन पर चाँगुनारायण और पाटन के कृष्ण मंदिरों के दर्शनार्थियों की भीड लगती है। भक्तजन रात भर भजन–कीर्तन करते हैं ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



गोसांइकुण्ड का एक मनोरम दृश्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मच्छेन्द्रजात्रा:– काठमाण्डू के केल टोल में श्वेत मच्छेन्द्र नाथ के सम्मान में यह उत्सव मनाया जाता हें । कई दिनों तक काठमाण्डू की गलियों में एक ऊँचे रथ पर मच्छेन्द्र नाथ की प्रतिमा को रखकर घुमाया जाता है ।

पृथ्वी जयन्ती:– (विक्रमी पौष २७) आधुनिक नेपाल के निर्माता वडा महाराजाधिराज श्री ५ पृथ्वी नारायण शाह की जन्म जयन्ती के दिन सिंह दरवार के आगे उन की प्रतिमा के सामने एक विशेष समारोह होता है और इस युग पुरुष को श्रद्धान्जलि दी जाती है और उन के योगदान का स्मरण किया जाता है । इस दिन देश भर छुट्टी मनाई जाती है ।

विवाह पंचमी:– प्रत्येक वर्ष अगहन के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि के सुखद अवसर पर यह पर्व आयोजित किया जाता है । राम और सीता दाम्पत्य सूत्र के पवित्र बंधन में इसी पावन तिथि के शुभ अवसर पर बँधे थे । अतः उन के पावन विवाहोत्सव के रूप में यह पर्व जनकपुर में धूमधाम के साथ मनाया जाता है । राम मंदिर और जानकी मंदिर दोनो के प्रांगण में विवाह के अनेक रस्म मनाये जाते हैं । राम मंदिर से सजधज कर बारात निकलती है और रंगभूमि के प्रांगण में पहुँचती है जिसमें अयोध्या नगर के प्रतिष्ठित निवासी, विद्वान्, साधु और संत शामिल रहते हैं । रंगभूमि में बारातियो का हार्दिक स्वागत होता है । दूल्हा सरकार (राम की सजीव प्रतिमा) का दर्शन कर दर्शक अत्यंत आनन्दित होते हैं । जनकपुर में विवाह पंचमी का अपना ही वैभव और आकर्षण है । इस अवसर पर वहुत वडा मेला लगाता है । सरकार की ओर से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अच्छे प्रबन्ध किये जाते हैं । सभी भक्तजन "पुनि देखब रघुवीर विवाहू" की साथ लेकर अपने अपने घर लौट जाते हैं ।

ट्रेकिङ्ग (पैदल परिभ्रमण) :– देश के प्रायः सभी पहाडी क्षेत्र पैदल–यात्रियों के लिए स्वर्ग हैं । सब से सुन्दर और उपयक्त समय पैदल यात्रा क लिए जनवरी से अप्रैल और अक्टूबर से नवम्बर माना गया है । पैदल–यात्रा के लिए निम्नलिखित स्थान बहुत ही मनोरम और आकर्षक हैं:–

स्थान	दूरी	पहुँचने में लगते वाले लगभग दिन
काठमाण्डू से नाम्चे बाजार	१५० किलोमीटर	१५ दिन
पोखरा से अन्नपूर्ण	२५ "	३ दिन
पोखरा से जोमसोम	६८ "	६ दिन
काठमाण्डू से गोसाईकुण्ड	४२ "	४ दिन
काठमाण्डू से हेलम्बू	४५ "	४ दिन
काठमाण्डू से डुम्रे बस से और डुम्रे से मनांग	६० "	८ दिन

काठमाण्डू उपत्यका के अन्दर और बाहर पैदल यात्रा के लिए अनेक सुन्दर स्थान हैं । इनमें रारा दह भी एक है । यहाँ से कांजिरोवा हिमालय का नयनाभिराम दृश्य देखा जा सकता है । घान्द्रुक–समुद्र की सतह से ६,००० (फीट का उचाई पर स्थित घान्द्रुक से अन्नपूर्ण पर्वत श्रेणियों का चिताकर्षक दृश्य देखा जा सकता है अतः पदयात्री यहीं भी पदयात्रा के दौरान में पहुचते हैं ।

श्री ५ को सरकार, पर्यटन मन्त्रालय से पर्वतारोहण के लिए अनुमति ली जा सकती है । पैदल यात्री पदयात्रा के लिए केन्द्रीय अध्यागमन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कार्यालय, मैतीदेवी, काठमाण्डू (टेलिफोन नं.२१२३३६) से अनुमति ले सकते हैं।

अन्य आवश्यक सूचनाएँ

रेष्टुराँः– काठमाण्डू के विभिन्न रेष्टुराँओं में उच्च कोटिका यूरोपिय, भारतीय, चाइनीज और नेपाली भोजन मिलता है। और आप अपनी इच्छा के अनुसारका भोजन सरलता से प्राप्त कर सकते हैं। निम्न आयवर्ग के लोगों के लिए स्थानीय भोजनालयों में अपेक्षाकृत कम दामों में अच्छा भोजन मिलता है। स्कच व्हिस्की और अन्य विदेशी मदिराएं तथा उच्चकोटि के होटलों और रेष्टुरांओं में प्रशोधित और सुपाच्य पीने का पानी मिलता है।

पर्यटक सूचना केन्द्रः–

१. पर्यटक सूचना केन्द्र, श्री ५ को सरकार, गंगापथ (वसन्तपुर) काठमाण्डू, नेपाल टेलिफोन२१५८१८
२. पर्यटन सूचना केन्द्र, त्रिभुवन विमान स्थल (काठमाण्डू) विमान स्थल, टेलिफोन नं.२१५५३७
३. पर्यटक सूचना केन्द्र, वीरगंज।
४. पर्यटक सूचना केन्द्र, पोखरा विमान स्थल टेलिफोन नं. २८
५. पर्यटक सूचना केन्द्र, भैरहवा।
६. पर्यटक सूचना केन्द्र, काकड भित्ता
७. पर्यटक सूचना केन्द्र, जनकपुर।

समयः– नेपालका समय भारत के स्टेन्डर्ड समय से दस मिनेट आगे है और ग्रीनविच मीन टाइम से पाँच घण्टे चालीस मिनट आगे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मान्यता प्राप्त पथ–प्रदर्शक:– पर्यटकों की सुविधा के लिए काठमाण्डू की सभी ट्राभेल एजेन्सियों के पास ऐसे पथ–प्रदर्शक हैं। अपने ग्राहकों की आवश्यकता और सुविधा के अनुसार ये एजेन्सियाँ दृश्यावलोकन के कार्यक्रमों का प्रबन्ध करती हैं।

खरीददारी:– दूकानें नौ बजे से सायं आठ बजे तक खुलती है। शनिवारको प्राय:– सभी दुकानें बन्द रहती हैं लेकिन छोटी छोटी दूकानें जो दैनिक उपभोग की वस्तुएं बेचती हैं, खुली रहती हैं। दूकानों में हस्तकला और शिल्पकला की वस्तुएं और उच्चस्तरकी वस्तुएं भी मिलती हैं। अपनी यात्रा के यादगारों की खरीद के लिए पर्यटकों को घरेलु उद्योग विक्री भंडार, न्यूरोड और पाटन औद्योगिक क्षेत्र, पाटन में जाना चाहिए। ये दोनों सरकार द्वारा संचालित संस्थाएं हैं। इन स्थानों पर आप एक दाम पर उच्च स्तर की वस्तुएं पा सकते हैं।

बिजली करेन्ट:– अधिराज्य के अनेक शहरों में विद्युतीकरण हो चुका हैं और यहाँ २२० भोल्ट ए.सी. है।

अस्पताल और औषधालय:– काठमाण्डू में आधुनिक उपकरणों से सज्जित स्तरीय अस्पताल हैं। काठमाण्डू उपत्यका के बाहर भी प्रत्येक अंचल के सदर मुकामों में अस्पताल और जगह जगह स्वास्थ्य चौकियां हैं। काठमाण्डू के सभी दवाखाने और औषधालय विदेशों से आयात की गई सभी तरह की दवाएँ बेचते हैं। काठमाण्डू घाटी के अस्पताल:–

१. वीर अस्पताल, काठमाण्डू, टेलिफोन नं. ११११९
२. कान्ति अस्पताल, महाराजगंज, ,, ,, ११५५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

३. यूनाइटेड मिशन अस्पताल, शान्तभवन, टेलिफोन नं. २१०३४
४. पाटन अस्पताल, लगनखेल, टेलिफोन नं. २१३३३
५. भक्तपुर अस्पताल, भक्तपुर।
६. इन्द्र राज्य लक्ष्मी प्रसूति गृह अस्पताल, थापाथली, काठमाण्डू टेलिफोन नं. ११२४३

प्रहरी कार्यालय:– प्रमुख नगर प्रहरी कार्यालय हनुमान ढोका में स्थित है। काठमाण्डू उपत्यका के बाहर अंचल और जिला प्रहरी कार्यालय हैं और प्रमुख बाजारों और बस्तियों में थाने हैं।

नेपाल मोटर कार संघ:– यातायात प्रहरी कार्यालय राम शाहपथ काठमाण्डू निजी वाहनों में घूमने आए हुए पर्यटकों की सुविधा और सहायता के लिए बराबर तत्पर रहता है।

सरकारी छुट्टियां:– शनिवार नेपाल में छुट्टी का दिन है। अगहन, पौष और माघ इन तीन महीनों सरकारी दफ्तर दश बजे से चार बजे तक खुलते हैं और बाँकी नौ महीनों में दश बजे से पाँच बजे तक। विक्रमी संवत् के अनुसार कार्य होता है और अन्तर्राष्ट्रिय सम्पर्क के लिए ईस्वी सन् का प्रचलन होता हैं।

समाचार–पत्र पत्रिकाएँ:– नेपाली और अंग्रेजी में दर्जनों समाचार–पत्र पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं। काठमाण्डू में अधिकांश समाचार–पत्र सुबह प्रकाशित होते हैं। इन दैनिक और साप्ताहिक पत्रिकाओं में राजनीति, संस्कृति और साहित्य आदि अनेक विषयें पर सामाग्रियाँ होती हैं। हिन्दी में भी एक दैनिक "नेपाली" निकलता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुस्तक भण्डार:– काठमाण्डू की बहुत सी किताब की दुकानों में विभिन्न विषयों की किताबें मिलती हैं । नेपाली जीवन के विभिन्न पहलुओं पर लिखी किताबें भी उपलब्ध हैं । इन दूकानों में, अनेक पदयात्रा मार्गों (ट्रेकिंग रूट्स्) का और शहर का नक्सा भी मिलता है ।

मनोरंजन:– काठमाण्डू शहर में मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध हैं जिनमें नाटकों का प्रदर्शन, विभिन्न सांस्कृतिक और शास्त्रीय सङ्गीत के कार्यक्रम भी शामिल हैं।

सभी सिनेमा घरों में भारतीय और पश्चिमी चलचित्र दिखलाए जाते हैं । पर्यटकों की अभिरुचि को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रिय नाचघर नाटकों और लोकगीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत करता रहता है।

नेपाल नरेश श्री ५ महाराजाधिराज वीरेन्द्र कला के क्षेत्र में विशेष अभिरुचि रखते हैं । वे स्वयं एक प्रसिद्ध चित्रकार हैं। अतः संप्रति कला के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है । नेपाल ललित कला संस्था (नाफा), सीता भवन, नक्साल दरबार सभी प्रकार की कला–प्रदर्शनियाँ आयोजित करता रहता है । इस का अपना एक कला–भवन भी है जहाँ कला प्रदर्शनियाँ आयोजित होती रहती हैं और कला पारखियों की जिज्ञासा को पूरी करती हैं । प्रदर्शित कला–कृतियाँ प्रायः आधुनिक और परंपरागत कला–स्कूलों से सम्बन्धित होती हैं । नाफा के अतिरिक्त अन्य स्वतंत्र कला कक्ष हैं जहाँ सभी किस्म के चित्रों की प्रदर्शनी और बिक्री होती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रंगमंच:– राष्ट्रिय नाच घर कान्तिपथ, रानीपोखरी, काठमाण्डू टेलिफोन नं. ११०६० । राजकीय प्रज्ञा प्रतिष्ठान, कमलादी, काठमाण्डू, टेलिफोन नं. ११२८३

नेपाल भारत सांस्कृतिक केन्द्र, कान्तिपथ यहाँ एक विशाल पुस्तकालय और वाचनालय हैं । समय समय पर इस केन्द्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमोंका आयोजना भी किया जाता हैं ।

सांस्कृतिक केन्द्र:– यहाँ लोक और शास्त्रीय नाच प्रत्येक शाम प्रदर्शित होते रहते हैं ।

१. चिमाल, होटल मनासलु, लाजिम्पाट ।
२. एभरेष्ट कल्चरल सेन्टर (एभरेष्ट सांस्कृतिक केन्द्र) लालदरवार
३. लालुपाते, होटल शंकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्री ५ को सरकार
पर्यटन मन्त्रालय
पर्यटन विभागद्वारा प्रकाशित १९८४

जनक शिक्षा सामग्री केन्द्र लिमिटेड
(एजुकेशन प्रेसमा) मुद्रित

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu